RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार, 28 जनवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 245 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुंबई के मानखुर्द में दो ड्रग पेडलर्स गिरफ्तार...

# लाखों का गांजा बरामद



**मुंबई :** शिवाजी नगर पुलिस ने दो नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया है। दोनों ड्रग पेडलर्स के पास से कमर्शियल कोनडीटी में ड्रग्स की खेप बरामद की है। पुलिस निरीक्षक (क्राइम) जब्बार तांबोली के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी रफीक हनीफ शाह (29) और सफीउल्लाह हनीफ शाह (24) जो कि मानखुर्द इलाके में रहते है, इनके पास से जब्त ड्रग्स की कीमत करीब पांच लाख रुपए है। शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्जुन रजाने ने बताया कि गुप्त सूचना पर 25 जनवरी की रात में जाल बिछाकर सहायक पुलिस निरीक्षक धनंजय देवडीकर,कॉन्स्टेबल प्रवीण शिंदे, घारे, खिलारे,सुतार और कुम्भार ने दो ड्रग पेडलर्स को हिरासत में लिया।

**पुलिस ने बरामद किया 14 किलो गांजा**

पुलिस ने तलाशी के दौरान इनके पास से 14 किलो गांजा बरामद किया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला की दोनों मानखुर्द इलाके के हिस्ट्रीशीटर पेडलर्स है और बाइक पर गांजा और अन्य ड्रग्स सप्लाई करते है। पुलिस तहकीकात कर रही है कि कहां से ड्रग्स खरीदते है और इनके संपर्क में कौन-कौन ड्रग्स माफिया है।

# अमरिंदर सिंह बनाए जा सकते हैं महाराष्ट्र के गवर्नर !

## भगत सिंह कोश्यारी ने जताई थी पद से हटने की इच्छा



**मुंबई :** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह महाराष्ट्र के नए राज्यपाल बन सकते हैं। ऐसी संभावना कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से जताई जा रही हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के वर्तमान राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कुछ दिन पहले पद से हटने की इच्छा जाहिर की थी। अमरिंदर सिंह कुछ वक्त पहले ही कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। उन्होंने पंजाब लोक कांग्रेस नाम की पार्टी का भी गठन किया था। पिछले कुछ वक्त से विवादों में रहे भगत सिंह कोश्यारी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पद छोड़ने की अपनी इच्छा से अवगत कराया था।

**विवादों में रहा है भगत सिंह कोश्यारी का कार्यकाल**

भगत सिंह कोश्यारी का अब तक का कार्यकाल काफी विवादों से घिरा रहा है। गौरतलब है कि उनके शासन संभालने के कुछ दिनों के भीतर राज्य में चुनाव हुए और सरकार बनाने के लिए चले सियासी नाटक में उनकी भूमिका पर सवाल उठे थे । अचानक देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार को शपथ दिलाने को लेकर उनपर बीजेपी का पक्ष लेने का आरोप लगाया गया था।

हाल ही में भगत सिंह कोश्यारी 19 नवंबर 2022 को औरंगाबाद में बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय में स्नातक समारोह में भाग लेने के दौरान कहा था कि शिवाजी पुराने युग के आदर्श हैं. मैं नए युग की बात कर रहा हूं, डॉ. भीमराव आंबेडकर से लेकर डॉ. नितिन गडकरी तक, आपको यहां हर कोई मिल जाएगा। उनके इस बयान के बाद काफी विवाद हुआ था।

### प्रधानमंत्री से मिल जताई इच्छा : भगत सिंह कोश्यारी

**भगत सिंह कोश्यारी साल 2019 में महाराष्ट्र के गवर्नर बने थे। इस पद पर उनका अभी तक का कार्यकाल कई विवादों से घिरा रहा है। विपक्षी दलों ने उनके ऊपर महाराष्ट्र का अपमान करने और इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने के आरोप लगाए। इधर, कैप्टन अमरिंदर सिंह को हाल ही में इखढ की 83 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया था और अब महाराष्ट्र के गवर्नर बनाए जाने के लिए उनका नाम सामने आ रहा है।**

# पालघर में नौ लाख रुपये मूल्य का गुटखा जब्त...!

## टेंपो चालक गिरफ्तार




**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने नौ लाख रुपये मूल्य का गुटखा जब्त किया है। राज्य में गुटखे पर प्रतिबंध है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस संबंध में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। उन्होंने बताया कि पालघर जिला ग्रामीण पुलिस ने बृहस्पतिवार को मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर यह जब्ती की। तलासारी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, 'एक टेंपो में 9,00,700 रुपये मूल्य का गुटखा पाया गया जो महाराष्ट्र लाया जा रहा था। टेंपो ड्राइवर रामसिंह देओदा (48) नवी मुंबई का निवासी है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है और गुटखा भी जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के खिलाफ खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) नियमों एवं भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मलाड के पार्क से हटेगा टीपू सुल्तान का नाम

## बीजेपी-विहिप के विरोध के बाद लिया फैसला





**मुंबई :** मुंबई के एक पार्क से मैसूर के शासक टीपू सुल्तान का नाम हटाया जाएगा। बता दें कि मुंबई उपनगरीय जिला प्रभारी मंत्री मंगल प्रभात लोढा ने जिला अधिकारी को मलाड इलाके के पार्क से टीपू सुल्तान का नाम हटाने के निर्देश दिए हैं। महाविकास अघाड़ी की सरकार के दौरान पार्क को टीपू सुल्तान का नाम दिया गया था। हालांकि भाजपा द्वारा इसका लगातार विरोध किया जा रहा था। अब प्रभारी मंत्री ने पार्क का नाम बदलने के निर्देश दिए हैं। मलाड क्षेत्र से असलम शेख विधायक हैं और महाविकास अघाड़ी की सरकार में असलम शेख मंत्री थे। असलम शेख ने विधायक कोटे से मलाड में एक पार्क का निर्माण कराया और उसका नाम मैसूर के शासक टीपू सुल्तान के नाम पर रखा। हालांकि भाजपा द्वारा पार्क का नाम टीपू सुल्तान रखने का शुरूआत से ही विरोध किया जा रहा था। बीते साल 26 जनवरी को भाजपा, बजरंग दल से जुड़े लोगों ने पार्क का नाम बदलने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया था। जिस पर कई भाजपा और बजरंग दल कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया था। भाजपा विधायक राम कदम ने इस मामले पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की खिंचाई की थी और कहा था कि उद्धव ठाकरे हिंदुत्व के मुद्दे पर दूसरों को नसीहत दे रहे थे, अब उनकी ही सरकार में मुंबई में टीपू सुल्तान के नाम पर पार्क का नामकरण हो रहा है। राम कदम ने आरोप लगाया कि टीपू सुल्तान ने हजारों हिंदुओं का कत्ल किया था।

# भाजपा अध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी

## दफ्तर में पत्र भेजकर कहा- टुकड़े-टुकड़े कर देंगे...



**मुंबई :** मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार को जान से मारने की धमकी मिली है। मिली जानकारी के मुताबिक, एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें धमकी एक पत्र के जरिए दी गई है। यह पत्र उनके बांद्रा स्थित दफ्तर में आया था। पत्र में कहा गया है कि भाजपा नेता के टुकड़े-टुकड़े कर दिए जाएंगे। इतना ही नहीं, उनके दफ्तर में आए पत्र में भाजपा और शिंदे गुट के खिलाफ भी अभद्र शब्दों का इस्तेमाल भी किया गया है। उनके कार्यालय ने इस बारे में जानकारी दी है। कार्यालय ने बताया कि आशीष शेलार ने इसकी शिकायत बांद्रा थाने में दर्ज कराई है। कहा जा रहा है कि किसी अनजान व्यक्ति ने धमकी भरा खत उनके कार्यालय के लेटर बॉक्स में डाला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस पत्र में धमकी देने वाले ने आशीष शेलार को संबोधित करते हुए लिखा है कि अगर आप इसी तरह आक्रामक बने रहे तो आपके और आपके परिवार को भी मार डालेंगे। इतना ही नहीं शवों को समुद्र में फेंक दिया जाएगा। फिलहाल शेलार ने धमकी देने वाले अनजान व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। पुलिस भी इसे लेकर सतर्क हो गई है। वह हर एंगल से इसकी जांच कर रही है। ये पहली बार नहीं है जब आशीष शेलार को इस तरह की धमकी मिली हो। बीते साल भी उन्हें जान से मारने की धमकी मिली थी। तब धमकी देने वाले व्यक्ति ने उन्हें फोन करके धमकाया था। तब भी उन्होंने मामले में शिकायत दर्ज कराई थी और आरोपी को पकड़ भी लिया गया था।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# देश बदल रहा है...

गणतंत्र दिवस इस बात का आकलन करने का सबसे अच्छा अवसर होता है कि देश ने क्या उपलब्धियां अर्जित की हैं और अभी किन आकांक्षाओं को पूरा करना शेष है? एक गणतंत्र के रूप में बीते सात दशक से भी अधिक समय में देश ने किस तरह स्वयं को परिवर्तित किया है, इसे इससे समझा जा सकता है कि इस बार गणतंत्र दिवस परेड में स्वदेशी सैन्य उपकरणों का ही प्रदर्शन किया जाएगा। यह पहल स्वदेशी के साथ आत्मनिर्भरता का भी संदेश देने वाली है। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि रक्षा सामग्री के निर्माण में देश आत्मनिर्भर हो रहा है। इसकी झलक गणतंत्र दिवस परेड में दिखनी ही चाहिए। इस परेड में इस बार सेना के तीनों अंगों में नारी शक्ति की उपस्थिति भी कहीं अधिक प्रमुखता से दिखेगी। निःसंदेह यह भी बदलते भारत का परिचायक है। देश किस तेजी से बदल रहा है, इसके प्रमाण अन्य अनेक क्षेत्रों में भी दिख रहे हैं। भारत डिजिटल तकनीक में एक बड़ी शक्ति बनने के साथ विश्व के समक्ष उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है। इस सबके अतिरिक्त अनेक चुनौतियों और प्रतिकूल परिस्थितियों के बाद भी हमारी अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति वाली बनी हुई है। इसने दुनिया में भारत के लिए एक आकर्षण पैदा किया है।

संतोष का विषय केवल यह नहीं है कि भारत की पहचान दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में स्थापित हो गई है, बल्कि यह भी है कि अगले कुछ वर्षों में वह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ऐसा शीघ्र हो, इसके लिए नीति-नियंताओं को अपने दायित्वों का पालन करते समय सचेत रहना होगा। यह सही समय है कि राजनीतिक वर्ग देश की आकांक्षाओं को पूरा करने और विश्व समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए न केवल प्रतिबद्ध हो, बल्कि उन लक्ष्यों को पाने के तौर-तरीकों को लेकर आम सहमति कायम करे, जिनका संधान किया जाना है। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि भारत एक निर्धन एवं कमजोर राष्ट्र की स्थिति से आगे बढ़ते हुए आत्मविश्वास से भरे देश के रूप में उभर आया है। इसकी पुष्टि विश्व समुदाय भी कर रहा है। वह यह मानने लगा है कि उसकी अनेक समस्याओं का समाधान भारत के सहयोग से ही हो सकता है। भारत का कद और उसकी प्रतिष्ठा बढ़ती रहे, इसके लिए जनता को भी अपने हिस्से की भूमिका भी निभानी होगी। इस भूमिका का सरल तरीके से निर्वाह तभी हो सकता है, जब हम भारत के लोग अपने नागरिक दायित्वों के प्रति सजग रहें और उन चुनौतियों का सामना मिलकर करें, जो सामने दिख रही हैं। ऐसा करके ही हम गणतंत्र दिवस को सचमुच एक उत्सव के रूप में तब्दील कर सकते हैं और इसका अच्छे से आभास कर सकते हैं कि देश बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# शिंदे की पिच पर उतरे उद्धव ठाकरे !

## सीएम बोले- पार्टी के विस्तार के लिए काम करना ही चाहिए



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने एक बयान में कहा है कि हर किसी को अधिकार है कि वह अपनी पार्टी का विस्तार करने के लिए काम करे। एकनाथ शिंदे का यह ऐसे वक्त आया है, जब उद्धव ठाकरे गुरुवार को ठाणे के दौरे पर जा रहे हैं। बता दें कि ठाणे, सीएम एकनाथ शिंदे के दबदबे वाला इलाका है और शिवसेना के बंटवारे के बाद पहली बार उद्धव ठाकरे ठाणे जा रहे हैं। ऐसे उद्धव ठाकरे के इस दौरे पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।


उद्धव ठाकरे का ठाणे दौरा इसलिए भी अहम है क्योंकि वह एकनाथ शिंदे के गुरु आनंद दीघे की जयंती से एक दिन पहले जा रहे हैं। इस दौरान उद्धव ठाकरे ठाणे के शिवाजी मैदान पर एक मेगा मेडिकल इवेंट का उद्घाटन करेंगे और इसके बाद आनंद आश्रम के नजदीक टेमबी नाका पर आनंद दीघे की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद उद्धव ठाकरे ठाणे में जैन सुमदाय के एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जब एकनाथ शिंदे से उद्धव ठाकरे के ठाणे दौरे को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी पार्टी का विस्तार करने का अधिकार होता है। उद्धव ठाकरे के ठाणे दौरे को सफल बनाने के लिए उनकी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। पूरे शहर में उद्धव ठाकरे का स्वागत करने वाले बैनर लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि बीते साल शिवसेना दो गुटों में बंट गई थी। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में कई विधायकों ने बगावत कर दी थी। जिसके चलते उद्धव सरकार गिर गई थी, बाद में एकनाथ शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बना ली थी। ठाणे, एकनाथ शिंदे के प्रभाव वाला इलाका माना जाता है। ऐसे में अब बंटवारे के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ठाणे में अपना प्रभाव बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। उद्धव ठाकरे के ताजा दौरे को भी शिवसेना की इसी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

## मुंबई में बहुमंजिला इमारत में लगी आग सात घंटे बाद बुझाई गई, कोई हताहत नहीं



**मुंबई :** मध्य मुंबई के दादर में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी भीषण आग पर करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद शुक्रवार तड़के काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुंबई मराठी ग्रंथ संग्रहालय के सामने स्थित 44 मंजिला आर ए रेजीडेंसी के 42वें तल पर एक बंद फ्लैट में रात करीब साढ़े आठ बजे आग लगी थी। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया, ''आग को मुंबई दमकल विभाग ने करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद तड़के तीन बजकर 50 मिनट पर बुझा लिया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।'' उन्होंने कहा कि यह चौथे दर्जे (भीषण) की आग थी। उन्होंने बताया कि दमकल अभियान में शामिल उपकरणों समेत दमकल की कम से कम 16 गाड़ियों को भेजा गया था। अधिकारी ने कहा, ''आग प्रभावित फ्लैट की 42वीं मंजिल पर स्थित बिजली की फिटिंग में लगी थी।

# 'स्पेशल २६' की तर्ज पर लूट की वारदात



**मुंबई :** सियासी लाभ के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग की गाज अब आम जनता पर गिरने लगी है। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के खौफ का लाभ अब ठग उठाने लगे हैं। मुंबई में फिल्म 'स्पेशल २६' की तर्ज पर लूट की वारदात को अंजाम दिए जाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी बनकर आए ठग स्वर्ण कारोबारी के कार्यालय से ३ किलो सोना और २५ लाख रुपए लूट लिए। डीसीपी अभिनव देशमुख के अनुसार दक्षिण मुंबई के जवेरी बाजार स्थित एक स्वर्ण कारोबारी के दो कार्यालयों पर सोमवार को दोपहर तीन बजे के करीब एक महिला सहित ४ लोग 'ईडी' अधिकारी बनकर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दो-दो की टीम में आए 'ईडी' के कथित अधिकारियों ने वहां मौजूद कारोबारी के पार्टनर और कर्मचारियों से कारोबारी के बारे में पूछताछ शुरू की। हालांकि, उस दौरान कारोबारी मुंबई में मौजूद नहीं था लेकिन ठगों ने 'छापेमारी' की तर्ज पर माहौल बनाया और ३ किलो सोना व २५ लाख रुपए समेट कर रफूचक्कर हो गए। उक्त लूट की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के मार्गदर्शन में एलटी मार्ग पुलिस की टीम ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्धों की शिनाख्त की तथा खबरियों की मदद से मामले की जांच शुरू कर दी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता को दक्षिण मुंबई स्थित डोंगरी इलाके से जबकि उसके एक अन्य सहयोगी को मालाड-पश्चिम स्थित मालवणी इलाके से गिरफ्तार किया और बाद में उनकी निशानदेही पर उनकी महिला सहयोगी को रत्नागिरी जिले के खेड़ इलाके से दबोच लिया।

# मुंबई के भिवंडी में एक बिल्डिंग का आधा हिस्सा गिरा,

## मलबे में दबकर शख्स की मौत



**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के भिवंडी में एक इमारत का आधा हिस्सा गिरने से एक शख्स की मौत हो गई। शुक्रवार तड़के 4 बजे हुई इस घटना में एक शख्स घायल भी हो गया। इस बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने कहा कि हादसे में 25 साल के माजिद अंसारी नाम के शख्स की मौत हो गई है, जबकि अशरफ नागोरी नाम के युवक को रेस्क्यू करके अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर कुल 7 दुकानें थीं जबकि दूसरे माले पर कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठान चल रहे थे। मृतक माजिद अंसारी घटना के वक्त इमारत के अंदर ही सो रहा था। बताया जा रहा है कि मलबे में फंसने की वजह से उसकी मौत हो गई। दूसरा शख्स भी मलबे के अंदर ही फंस गया था, लेकिन उसे वक्त पर बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने दुर्घटना से मौत का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। बता दें कि इसके पहले मध्य मुंबई के दादर में एक बहुमंजिला इमारत की 22वीं मंजिल पर गुरुवार की रात आग लग गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना में अभी किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है और आग लगने के कारण का तत्काल पता नहीं लग सका। एक अधिकारी ने घनटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 42 मंजिला आवासीय टावर 'आर ए रेजिडेंसी' की 22वीं मंजिल पर रात करीब 08:30 बजे बंद पड़े एक फ्लैट में आग लग गई थी।



# उद्धव का महाराष्ट्र CM पर निशाना

## 50 खोखे वाले नारे का भी किया जिक्र



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने से पहले एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के कई विधायकों को तोड़कर उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका दिया था. इन विधायकों और बीजेपी के समर्थन से उन्होंने सरकार बनाई और उद्धव ठाकरे को किनारे लगा दिया. वहीं अब उद्धव ठाकरे ने एकनाश शिंदे पर गंभीर आरोप लगाए हैं. ठाकरे का कहना है कि शिंदे गुट बिक गया है. ठाकरे ने ये भी कहा कि मुझे पता है कि किस बात पर एकनाथ शिंदे बिके हैं.

उद्धव ठाकरे ने शिंदे गुट पर निशाना साधते हुए कहा, ''हम जानते हैं कि वो किस कीमत पर बिक गए.'' उन्होंन 'पचास खोखे, एकदुम ठीक है' नारे पर भी प्रतिक्रिया दी. ठाकरे ने कहा कि यह नारा देश के कोने-कोने तक पहुंच गया है और शिवसेना में राजनीतिक विभाजन ने महाराष्ट्र और शिवसेना को भी बदनाम कर दिया है. उद्धव ठाकरे ने भारत जोड़ो यात्रा का भी किया जिक्र किया. ठाकरे ने कहा कि संजय राउत कश्मीर में राहुल गांधी की यात्रा में गए थे और वहां भी लोग ये नारा लगा रहे थे.

**'धोखा और दल-बदल'**

बता दें कि उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के राजनीतिक गुरु माने जाने वाले नेता दिवंगत आनंद दिघे की जयंती की पूर्व संध्या पर गुरुवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया. इस अवसर पिछले साल जून में शिंदे और 39 विधायकों की शिवसेना से बगावत और महा विकास आघाड़ी सरकार के गिरने का हवाला देते हुए ठाकरे ने कहा कि धोखे और दल-बदल से शिवसेना और महाराष्ट्र बदनाम हुए हैं.

**'शिवसेना अपने लक्ष्य से नहीं डिगी है'**

ठाकरे ने कहा कि गुरुवार का संक्षिप्त दौरा यहां के लोगों की सेहत का ख्याल रखने के लिए था. इसके साथ ही उन्होंने वादा किया कि वह ठाणे के लोगों के राजनीतिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए जल्द ही जनसभा को संबोधित करने के लिए लौटेंगे. उन्होंने कहा, ''मैं संतुष्ट हूं कि मौजूदा बेकार परिस्थितियों के बावजूद, शिवसेना अपने लक्ष्य से नहीं डिगी है. शिवसेना सुप्रीमो (बाल ठाकरे) ने हमें सिखाया है कि 80 प्रतिशत सामाजिक कार्य है, सिर्फ 20 प्रतिशत ही राजनीतिक काम है. सच्चे सैनिक (शिवसैनिक) हमारे साथ हैं.''

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन फर्नांडीज की २७ जनवरी को सुनवाई



**मुंबई :** सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े २०० करोड़ से ज्यादा के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसी बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। एक्ट्रेस जैकलीन ने विदेश जाने के लिए एक नई याचिका दायर की है। जैकलीन ने दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने दुबई जाने की अनुमति मांगी है। दुबई में २७ जनवरी से ३० जनवरी तक पेप्सिको इंडिया कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए एक्ट्रेस दुबई जाना चाहती हैं। हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। कोर्ट इस मामले में २७ जनवरी को सुनवाई करेगा।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जैकलीन के आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए दो दिन का समय मांगा है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने बुधवार को ईडी को समय दिया और मामले की सुनवाई के लिए २७ जनवरी की तारीख तय की। शैलेंद्र मलिक बुधवार को एक्ट्रेस के आवेदन पर सुनवाई करने वाले थे। लेकिन अब इस मामले की सुनवाई २७ जनवरी को होगी। बता दें कि जैकलीन बुधवार को अदालत में पेश नहीं हुईं। उनकी तरफ से उनके वकील ने पैरवी की। गौरतलब है कि ठग सुकेश चंद्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की तरफ से जैकलीन को कई बार तलब किया जा चुका है। जैकलीन फर्नांडीज ने पहले भी अपने परिवार से मिलने के लिए विदेश यात्रा की अनुमति मांगी थी। लेकिन बीते वर्ष दिसंबर में उन्होंने अदालत से अपने परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए विदेश जाने की अनुमति की अपनी याचिका वापस ले ली थीं।

# आम जनता से ठगी, जादू-टोना करनेवालों से दूर रहने की हिदायत




**मुंबई :** आम लोग अपनी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए तांत्रिक और पीर बाबाओं का सहारा लेते हैं। इसी का फायदा उठाकर ढोंगी ठग आम जनता से ठगी करते हैं और उन्हें ऐसे कार्य करने को कहते हैं, जो गैरकानूनी होता है। पुलिस और अंधश्रद्धा निर्मूलन संस्थाओं ने इस तंत्र को आम जनता के लिए षड्यंत्र बताया है और बचके रहने की हिदायत दी है।

बता दें कि अंधविश्वास में इंसान वह भी कर जाता है जो उसे नहीं करना चाहिए। पुलिस प्रशासन और अंधश्रद्धा निर्मूलन सामाजिक संस्थाएं आम जनता को अंधश्रद्धा से बचाने के लिए जनता में जनजागृति करती हैं। इसके बावजूद कई लोग जादू, टोना और तंत्रों में विश्वास रखते हैं। हाल ही में एक ऐसा मामला सामने आया था, जिसमें एक तांत्रिक ने एक महिला को गर्भवती होने के लिए हड्डियों का चूर्ण खिलाया। इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत कुल ७ लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। अंधश्रद्धा निर्मूलन संस्था द्वारा मिली जानकारी के अनुसार वर्ष २०१३ में अंधश्रद्धा विरोधी अधिनियम की धारा ३ (महाराष्ट्र मानव बलिदान की रोकथाम और उन्मूलन और अन्य अमानवीय, दुष्ट और अघोरी प्रथाएं, काला जादू अधिनियम, २०१३) के तहत मामला दर्ज किया जाता है। कानून और विज्ञान जादू-टोना और तंत्र को नहीं मानता। इसके बावजूद आम जनता तांत्रिक ठगों पर भरोसा कर ठगी के शिकार हो जाती है।

ठाणे पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक मोराले ने बताया कि तंत्र और तांत्रिक केवल अपने आर्थिक लाभ के लिए परेशान आम लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। आम लोग भी अपनी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए ढोंगियों पर भरोसा कर खुद की ठगी करवा लेते हैं।

# पाकिस्तानी जेलों में बंद हैं आदिवासी मछुआरे



**पालघर :** पालघर जिले के मछुआरे मुसीबत में हैं लेकिन केंद्र की सरकार उनकी पुकार नहीं सुन रही है। जिले के कई मछुआरे पाकिस्तान की जेलों में बंद हैं। उनके बच्चे अपनी मांओं से हमेशा एक ही सवाल पूछते रहते हैं कि 'मां, पापा कब आएंगे?' लेकिन उन मांओं के पास कोई जवाब नहीं है। मछुआरों के परिजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आस लगाए बैठे हैं, जो पूरी नहीं हो पा रही है।

जिले की नीलम तीन साल की बच्ची को अपनी गोद में लिए बैठी है। जब वो गर्भवती थी, उन्हीं दिनों नीलम के पति रघु दिवा मछली पकड़ते हुए पाकिस्तानी क्षेत्र में चले गए और वहां की नौसेना ने उन्हें साथियों समेत पकड़ लिया। नीलम बताती हैं कि उनकी बच्ची तीन साल की हो गई है लेकिन अपने पिता का चेहरा वो अब तक नहीं देख पाई है। न जाने वो किस हाल में हैं? नीलम जैसी न जाने कितनी महिलाएं हैं, जिनके पति आज भी पाकिस्तानी जेलों में बंद हैं और उनके इंतजार का अंत नहीं हो रहा है। गुजरात राज्य के ओखा से मत्स्यगंधा और एक अन्य नाव सितंबर २०२२ को हमेशा की तरह मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गई। नाव समुंदर में छोड़े गए जालों को ले जा रही थी, तभी अचानक पाकिस्तानी समुद्री सुरक्षा एजेंसी की स्पीड बोट ने भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को घेर लिया और उन नावों में सवार नौ लोगों को पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया। इनमें से सात आदिवासी मछुआरे पालघर जिले के डहाणू तालुका के हैं। पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा हिरासत में लिए गए लोगों के परिवारों को जब ये जानकारी मिली तो उन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा क्योंकि उनके ऊपर ही परिवारों की जिम्मेदारी थी। एक लंबे इंतजार के बाद भी मछुआरों की घर वापसी न होने पर सभी पीड़ित परिवार सदमे में हैं। घर और बच्चों का खर्च कैसे चलाया जाए, जैसे कई सवाल उनके सामने मुंह फैलाए खड़े हैं।

# ई-साइकिल सेवा शुरू करने की योजना

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले सप्ताह दो नई मेट्रो लाइन २ए और ७ देश को समर्पित किया है। इन दोनों लाइनों का उद्घाटन कर नई मेट्रो ट्रेन सेवा की शुरूआत की गई। अब मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) ने मेट्रो के अंतर्गत आनेवाले ३० स्टेशनों के नीचे ई-साइकिल सेवा शुरू करने की योजना बनाई है, जिसे मेट्रो के यात्रियों के आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। आधिकरिक सूत्रों के अनुसार शुरूआत में लगभग २८० ई-साइकिल से होंगी। हालांकि, एमएमआरडीए की इस योजना में पार्किंग का पंगा सामने आ गया है। इस योजना अंतर्गत पार्विंग बनाने के लिए जगह ही नहीं मिल रही है। मेट्रो ७ और मेट्रो २ए को कवर करनेवाले ३० से ज्यादा स्टेशन हैं। हालांकि, इन सभी के पास इन ई-साइकिलों को पार्क करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। इसके अलावा एमएमआरडीए ने बेस्ट से फीडर बस सेवाएं प्रदान करने की अपील भी की है।

# म्हाडा द्वारा किराए में दोगुनी वृद्धि, बकाया वसूली की नोटिस पर रोक

**मुंबई :** दक्षिण मुंबई में म्हाडा के किराए के घरों में हजारों परिवार रह रहे हैं। म्हाडा ने बकाया किराया वसूली के लिए इन घरों में रहनेवाले २० हजार से अधिक परिवारों को नोटिस जारी किया था। इन २० हजार परिवारों में कुल मिलाकर करीब एक लाख लोग रह रहे हैं। म्हाडा द्वारा किराए में दोगुनी वृद्धि कर दी गई थी, जिससे इन घरों में रहनेवाले गरीब तबके की मुसीबत बढ़ गई थी और उन्होंने किराया देना बंद कर दिया था। म्हाडा की इस नोटिस के बाद इनके बेघर होने का खतरा पैदा हो गया था। ऐसे में इन घरों में रहनेवाले निवासियों ने इस नोटिस का जमकर विरोध किया। निवासियों के विरोध के




आगे 'ईडी' सरकार को झुकते हुए नोटिस पर रोक लगाना पड़ा है। म्हाडा के मुंबई भवन और मरम्मत पुनर्निर्माण बोर्ड ने बकाया सेवा शुल्क के भुगतान के लिए दक्षिण मुंबई में पुनर्निर्मित भवनों के २० हजार से अधिक निवासियों को नोटिस जारी किया है। ७० हजार से ८० हजार रुपए के भुगतान के संदर्भ में इस नोटिस को देखकर रहिवासियों में हड़कंप मच गया था। लेकिन निवासियों की नाराजगी को देखकर ईडी सरकार को यूटर्न लेना पड़ा। नोटिस पर सरकार द्वारा रोक लगाए जाने के बाद अब इन रहिवासियों को राहत मिली है। उपमुख्यमंत्री और गृहनिर्माण मंत्री देवेंद्र फडणवीस से उक्त नोटिस पर रोक लगाने की मांग की थी। लोगों की मांग और आंदोलन के कारण सरकार ने स्थगन दिया है।

बताया जाता है कि मरम्मत बोर्ड द्वारा पुनर्निर्मित भवन के निवासियों को प्रदान की जानेवाली सुविधाओं के लिए बोर्ड हर महीने सेवा शुल्क के रूप में एक निश्चित राशि एकत्र करता है।

## नांदेड़ में प्रेम-प्रसंग के कारण परिवार ने बेटी को उतारा मौत के घाट

# डॉक्टर बनना चाहती थी छात्रा...

मुंबई : महाराष्ट्र में ऑनर किलिंग के नाम पर एक 22 वर्षीय छात्रा की हत्या कर दी गई। नांदेड़ जिले में एक मेडिकल छात्रा की प्रेम प्रसंग के कारण हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, प्रेम संबंधों को लेकर कथित तौर पर छात्रा के पिता, भाई और तीन अन्य पुरुष रिश्तेदारों उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। छात्रा की हत्या करने के बाद उसे आग लगा दी। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।




**परिवार ने की छात्रा की हत्या**

अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने शुक्रवार को मुंबई से करीब 600 किलोमीटर दूर लिंबगांव थाना अंतर्गत पिंपरी महिपाल गांव में 22 जनवरी को हुई हत्या के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि शुभांगी जोगदंड की उसके परिवार के सदस्यों ने रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी, जिन्होंने बाद में उसे आग लगा दी और सबूत नष्ट करने के लिए उसके अवशेषों को नाले में फेंक दिया।

**पुलिस ने पांच को किया गिरफ्तार**

अधिकारी ने कहा कि छात्रा के पिता, भाई, चाचा और चचेरे भाई 22 जनवरी की रात उसे एक खेत में ले गए और कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी और सबूत नष्ट करने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि पांच आरोपितों को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### डॉक्टर बनना चाहती थी छात्रा...

पुलिस ने बताया कि पीड़िता बैचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएचएमएस) की तृतीय वर्ष की छात्रा थी और उसकी शादी तय हो गई थी। हालांकि, उसने अपने परिवार द्वारा चुने गए व्यक्ति को बताया कि वह अपने गांव के एक अन्य व्यक्ति से प्यार करती है। इसके बाद, लड़की की शादी टूट गई, जिससे पीड़िता का परिवार परेशान था।

# निर्माण कंपनी को 1986 में ठाणे में बेचे गए फ्लैट के लिए अब देना होगा मुआवजा




**ठाणे :** महाराष्ट्र में एक निर्माण कंपनी और उसके साझेदार को 1986 में बेचे गए फ्लैट के बिक्री दस्तावेज नहीं देने के कारण 45 लोगों को 30-30 हजार रुपये मुआवजा देना होगा। ठाणे जिला उपभोक्ता विवाद निवारण मंच ने यह फैसला सुनाया। इन लोगों ने 1986 में महाराष्ट्र के वसई में कंपनी की परियोजना में फ्लैट खरीदे थे, हालांकि इतने साल बीत जाने के बावजूद संपत्तियों की खरीद के संबंध में बिक्री दस्तावेज नहीं दिए गए। मंच के अध्यक्ष वी सी प्रेमचंदानी और इसकी सदस्य पूनम वी महर्षि ने परांजपे कंस्ट्रक्शन कंपनी और उसके भागीदार जयंत मोरेश्वर परांजपे को 30 दिनों के भीतर भुगतान करने का आदेश दिया। आदेश 13 जनवरी को पारित किया गया था।

## सेंधमारी के आरोप में तीन गिरफ्तार,

# पांच लाख रुपये का कीमती सामान बरामद, कई थानों में दर्ज था केस...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में मीरा भाईंदर-वसई विरार पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से पांच लाख रुपये से अधिक का कीमती सामान बरामद किया है. एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. सहायक पुलिस आयुक्त (विरार संभाग) रामचंद्र देशमुख ने कहा कि तुलिंज पुलिस थाने की अपराध जांच शाखा ने घर में घुसने और चोरी करने के संदेह में बुधवार को दो लोगों को पकड़ा.

**पूछताछ के दौरान हुआ खुलासा**

अधिकारी ने कहा, ''पूछताछ के दौरान दोनों ने खुलासा किया कि वे 2021 में थाने में दर्ज एक अपराध में शामिल थे. अपराधियों के पास से कुल 3,88,000 रुपये मूल्य के 11 ग्राम सोने के गहने, कुछ चांदी के सामान और एक रंगीन टेलीविजन सेट जब्त किया गया.''

**कई थाने में दर्ज थे मामले**

उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों के खिलाफ ठाणे, मुंबई और मीरा भाईंदर-वसई विरार के पुलिस आयुक्तालय के तहत छह मामले दर्ज थे. एक अलग मामले में पुलिस ने घर में सेंधमारी के आरोप में नालासोपारा के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया. उसके पास से 1.55 लाख रुपये के मोबाइल जब्त किए. एक अन्य अधिकारी ने कहा कि आरोपी के खिलाफ तुलिंज पुलिस थाने में चोरी का मामला दर्ज किया गया है.

### महाराष्ट्र में नकली पासपोर्ट बनाने वाला गिरोह गिरफ्तार

एक अधिकारी ने कहा कि 62 वर्षीय एक व्यक्ति सहित दो लोगों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने फर्जी पासपोर्ट और वीजा बनाने और फर्जी कोविड परीक्षण रिपोर्ट जारी करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया है. पुलिस गिरोह के तीसरे सदस्य की तलाश कर रही है. तीनों उपनगरीय अंधेरी के एक फ्लैट से संचालित होते थे. अधिकारी ने कहा कि क्राइम ब्रांच ने अपार्टमेंट पर छापा मारा और 28 डुप्लीकेट पासपोर्ट, विभिन्न देशों के 24 फर्जी वीजा और कई फर्जी कोविड टेस्ट सर्टिफिकेट जब्त किए.

## मुखबिरी के इनाम को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट का अहम आदेश,

# कहा- वह बहुत खतरा उठाते हैं...



**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि मुखबिर काफी खतरा उठाते हैं, ऐसे में सरकार का दृष्टिकोण ऐसा होना चाहिए कि वह सूचना देने के लिए हतोत्साहित ना हो। एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह महिला को इनाम की रकम जारी करे। बता दें कि महिला के पति चंद्रकांत धर्वे ने साल 1991 में कस्टम विभाग को हीरे की तस्करी के बारे में सूचना दी थी, जिस पर कस्टम विभाग ने छापेमारी कर करीब 90 लाख रुपए के हीरे बरामद किए थे। इस सूचना के बदले विभाग ने चंद्रकांत धर्वे को इनाम के एडवांस के तौर पर 3 लाख रुपए दिए। हालांकि इनाम की बाकी रकम विभाग ने चंद्रकांत को नहीं दी। कई बार विभाग के दफ्तर के चक्कर काटने के बाद भी चंद्रकांत को उनके इनाम की रकम नहीं मिली। साल 2010 में चंद्रकांत का निधन हो गया। चंद्रकांत के निधन के बाद उनकी पत्नी जयश्री धर्वे ने इनाम की बाकी रकम पाने के लिए विभाग के चक्कर लगाए। जब विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की तो जयश्री धर्वे ने 2021 में बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी। याचिका पर सुनवाई के दौरान विभाग ने कोर्ट में कहा कि उन्हें पहले इस बात की पुष्टि करनी है कि क्या चंद्रकांत ही असली मुखबिर थे या नहीं लेकिन कोर्ट ने विभाग की इस दलील को खारिज कर दिया क्योंकि विभाग पहले ही इनाम का एडवांस चंद्रकांत धर्वे को दे चुका था। जस्टिस नितिन जामदार और जस्टिस अभय आहूजा की डिविजन बेंच ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हालांकि नियमों के तहत इनाम की मांग करना कानूनी अधिकार नहीं है लेकिन इसे मनमाने तरीके से खारिज भी नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा दृष्टिकोण नहीं अपनाया जाना चाहिए कि कोई व्यक्ति सूचना देने के लिए आगे ही ना आए। आखिरकार इससे सरकारी खजाने को ही मदद मिलती है। कोर्ट ने कहा कि एक मुखबिर सूचना देने के लिए काफी खतरा उठाता है। दुर्भाग्य से इस मामले में सरकार ने सख्त रुख अपनाया और संवेदनशीलता से यह मामला निपटाया जाना चाहिए था। हाईकोर्ट बेंच ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह जयश्री धर्वे के दावे पर इनाम की रकम जारी करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह रकम 12 हफ्तों के अंदर मिलनी चाहिए।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com